


एक नजर में



### एसडीएम ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए दिए महत्वपूर्ण टिप्स

**बुधनी.** ग्राम मुर्राह शासकीय हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने प्राचार्य रविंद्र राजोरिया के साथ एसडीएम डीएस तोमर से मुलाकात की. एसडीएम श्री तोमर ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए. उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर अभ्यास करने से परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं. तहसीलदार ललित सोनी ने भी विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए परीक्षा की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दिया. एसडीएम दिनेश सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप 1000 की राशि प्रदान कर सम्मानित किया. अधिकारियों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में उत्साह व आत्मविश्वास था.




### मेले में विद्यार्थियों को दी कॅरियर संबंधी जानकारी

**डोबी.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदार नगर में केरियर मेला एवं काउंसलिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों को केरियर जागरुकता, परिचय, शैक्षणिक संकाय, स्थानीय उद्योग, कौशल एवं व्यावसायिक विकल्प आईटीआई पॉलिटेक्निक शासकीय सेवाओं, केरियर कार्ड, जीवन कौशल केरियर योजना की जानकारी दी गई. इस मौके पर प्राचार्य एमके व्यास द्वारा किया गया. कार्यक्रम में हरेराम शर्मा, सरपंच रामसेवक पटेल, डॉ.पुनीत राजपूत, संदीप जोशी, राजेश मधुप, लखनलाल राठौर, राकेश तिवारी, प्रीति जोशी, पूजा कुशवाहा, भूरेलाल शर्मा, चंद्रकांत चौरे, संजीव ठाकुर, पंकज शर्मा, रेखा मीणा, शंकरलाल मीणा, दिनेश शर्मा, बीडी मरकाम, डीएस जाट, नीतू दुबे, मधुसूदन शर्मा, ज्योति दुबे एवं समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित थे.



### पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को दी विदाई

**सीहोर.** जिले में पुलिस विभाग से शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने पर समारोह में उन्हें सम्मानित कर विदाई दी. एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को उपहार, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं प्रमाण पत्र दिए. इस मौके पर एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, सूबेदार अजय भिरे, राहुल श्रीवास्तव आदि मौजूद थे .सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों में चैन सिंह रघुवंशी, हरिनारायण वर्मा, भंवरलाल वर्मा, अमृतलाल पारोचे, तेजराम अहिरवार, पुरुषोत्तम पाठक, हरेंद्र सिंह, मोहम्मद फारुख खान, सुरेन्द्र शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, परशुराम सिंह शामिल हैं.



### महाआरती के साथ हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

**इछावर.** ब्रिजिशनगर में हनुमान मंदिर पर मां भारती एवं मां ज्वाला की महा आरती के पश्चात विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक उपस्थित हुए और सकल हिंदू समाज के लोगों को संबोधित किया. सम्मोलन के दौरान उन्होंने हिंदू धर्म के बारे में बताया. इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे.




### धूमधाम से मनाया नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा का जन्मदिन

**आष्टा.** नगर में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा का जन्मदिन उनके स्नेहीजनों व सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा मुगली रोड़ स्थित गार्डन में मनाया. इस दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, ललित नागौरी, कृपालसिंह पटाड़ा, धारासिंह पटेल, सोनू गुणवान, संजीव सोनी पांचम, अंजनी चौरसिया, सैय्यद परवेज अली, राजेश बनवट, ज्ञानसिंह ठाकुर, कोठरी नपाध्यक्ष राधेश्याम दलपति, सिद्दीका भूरू खां, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, अरशद अली, तारा कटारिया, अनिता भट्ट, सुभाष नामदेव, अतीक कुरैशी, मेहमूद अंसारी, विशाल चौरसिया, कालू भट्ट, शेख रईस, तेजपाल मुकाती, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर संध्या बजाज, गिरजा कुशवाह, रूपाली चौरसिया, भगवती सोनी, हिउस अध्यक्ष भूरू मुकाती, मुकेश नामदेव, मनीष डोंगरे, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, मनीष धारवां, मोहित सोनी, सौरभ रूणवाल, जुगल किशोर मालवीय, पंकज यादव, अनिल धनगर, मनोहर भोजवानी, पवन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे.

# स्टोर इंचार्ज ने डॉक्टर व नर्सों को लगाया चूना

## आयुष्मान योजना में बड़ा घोटाला , स्टोर इंचार्ज ने 46 लाख रुपये पत्नी और रिश्तेदारों के खाते में डाले

नवभारत न्यूज

**आष्टा 2 फरवरी. जिले के आष्टा के सरकारी अस्पताल में आयुष्मान योजना में बड़ा घोटाला सामने आया है. यह घोटाला सिविल अस्पताल में पदस्थ कर्मचारियों ने ही अपने शातिर दिमाग से अंजाम दिया है ऊपर से मजेदार बात यह है कि इन शातिर भ्रष्ट कर्मचारियों ने अपने ही सिविल अस्पताल के डॉक्टर सहित स्टाफ नर्सों को भी नहीं छोड़ा है. लिहाजा अब मामले की शिकायत होने पर आयुष्मान योजना में हुआ यह घोटाला उजागर हो सका है.**




- आष्टा अस्पताल में आयुष्मान योजना में लाखों का घोटाला
- निष्पक्ष जांच होने पर सामने आ सकते हैं कई चौंकाने वाले नाम

जानकारी के अनुसार वर्ष 17-18 से लेकर वर्ष 2023 तक आयुष्मान योजना अंतर्गत सिविल अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ नर्सों को मिलने वाले इनसेंटिव को अस्पताल में पदस्थ स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने अपने शातिर दिमाग का इस्तेमाल कर उक्त इनसेंटिव राशियों को अपनी पत्नी सहित करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर डाली. लिहाजा वर्ष 2017 से आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाली इनसेंटिव राशि को प्रमोद परमार अपने करीबी रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर करते हुए 46 लाख रुपए से अधिक के घोटाले को अंजाम देने में सफल रहा.

विश्वनीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता डॉक्टर एके जैन सहित सिविल अस्पताल की डॉ. माधवी राय, डॉ. शुभम दलोद्रिया, पूर्व बीएमओ डॉ. सुरेश माहौर, पूर्व बीएमओ जेडी सोनी, दिवगंत डॉ. सुदर्शन ग्रेवाल, स्टाफ नर्स स्मिता सोलंकी, स्टाफ नर्स सीमा गौतम, लेब टेक्नीशियन रवि मालवीय, दिवगंत भूरा परमार सहित अन्य कई कर्मचारियों को भी प्रमोद परमार ने अपना शिकार बनाया है. अभी यह सामने आना बाकी है कि किस डॉक्टर व नर्स का कितना इनसेंटिव प्रमोद ने अपने किन-किन रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर किया है यह 440 पन्नों की ट्रांजेक्शन लिस्ट में सामने आने पर पता चल पाएगा.

### जांच के बाद करेंगे कार्रवाई : बीएमओ

बीएमओ अमित माथुर ने पूरे मामले पर कहा कि शिकायत के बाद प्रतिवेदन बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा है जांच टीम गठित कर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं वर्ष 2017-18 से 2023 तक आयुष्मान योजना में हुए घोटाले पर तत्कालीन बीएमओ प्रवीर गुप्ता ने कहा कि मुझे इस मामले पर कोई जानकारी नहीं है. यदि किसी ने गलत तरीके से कुछ किया है तो उस पर कार्रवाई होना चाहिए और मुझे इस विषय में ज्यादा जानकारी नहीं है.

### तत्कालीन अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध

सरकारी अस्पतालों में भी किस तरह केंद्र की महत्वकांक्षी आयुष्मान योजना में भी भ्रष्टाचार कर शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है, इसकी बानगी सिविल अस्पताल आष्टा में देखने को मिल रही है. जहां सिविल अस्पताल में पदस्थ स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार 46 लाख रुपए से अधिक का घोटाला करने में सफल हो जाता है. हैरानी की बात है कि वर्षों तक जिम्मेदार स्वास्थ विभाग के स्थानीय अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगती है. लिहाजा इस बड़े घोटाले में सिविल अस्पताल के स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार सहित तत्कालीन लेखापाल एमएल वर्मा, तत्कालीन कर्मचारी जगदीश मेवाड़ा सहित तत्कालीन बीएमओ की भूमिका भी संदिग्ध है और इन सभी की जिम्मेदारी भी तय होनी बाकी है क्या आयुष्मान योजना में किए भ्रष्टाचार में प्रमोद परमार मात्र एक कठपुतली है या इसके पीछे बड़े मगरमच्छ भी शामिल हैं.

### 440 पन्नों की ट्रांजेक्शन लिस्ट की होगी जांच

सिविल अस्पताल में पदस्थ स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023 तक आयुष्मान योजना के अंतर्गत मरीज को सेवाएं देने वाले डॉक्टर, नर्स के इंसेंटिव को गलत तरीके से अपनी पत्नी सहित करीबी रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर डाली है और यह पूरा मामला सामने आया है. यदि ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से कार्यवाही और जांच की गई तो कई बड़े मामले उजागर होने की संभावना है. खैर सरकारी जांच और कार्यवाही जगजाहिर है. लेकिन यह मामला केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना और सरकारी राशि के वित्तीय अनियमितता से जुड़ा मामला है. ऐसे में मामले में दोषियों पर बड़ी कार्रवाई भी देखने को मिल सकती है.

### रुपए से भरा बैग चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सीहोर.** कोतवाली पुलिस द्वारा रुपयों से भरे बैग की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 15 हजार रुपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त बाइक जप्त की गई. जबकि एक आरोपी फरार बताया जाता है. गत 27 जनवरी को फरियादी शाविर अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह भुगतान प्राप्त करने के लिए नमक चौराहा स्थित शैलेन्द्र अग्रवाल की दुकान पर आया था. फरियादी द्वारा 1 लाख रुपए नगद प्राप्त कर उसे एक झोले में रख गया था. कुछ समय पश्चात उक्त झोला वहां नहीं मिला, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी. सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तेरू पिता भंवरजी पारदी निवासी ढाबला माता थाना इछावर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई. आरोपी ने अपने साथी लक्की पारदी के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया तथा चोरी की गई 1 लाख रुपए को आपस में बांटना बताया. आरोपी से 15 हजार रुपए जब्त किए गए हैं.

### क्रिकेट टूर्नामेंट में कैंपस किंग बनी विजेता

**सीहोर.** आरएके कॉलेज में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. जिसमें 06 टीमों ने हिस्सा लिया. टूर्नामेंट में फाइनल मैच की विजेता टीम कैंपस किंग को 11 हजार रुपए की राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और उपविजेता टीम को 5 हजार 500 रुपए की राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जूडो पैरालंपिक खिलाड़ी कपिल परमार ने छात्रों को जीवन में खेल का महत्व समझाया. इस दौरान डॉ एकके चौधरी, एससी गुप्ता, डॉ आई एस नरूका, डॉ. पियासी, डॉ गाठिये, डॉ राकेश, इंजी महेन्द्र जोशी, आकाश विश्वकर्मा, रामकृष्ण पटेल, डॉ प्रियदर्शिनी खांबालकर, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ अनुराधा ठाकुर, डॉ दांगी, डॉ वर्षा धुर्वे सहित समस्त छात्रगण शामिल हुए.

# मामूली विवाद में युवक पर फायरिंग, तीन आरोपियों को दबोचा

- वाहन टकराने पर हुआ था युवकों का विवाद
- घेराबंदी कर राजस्थान निवासी तीनों युवकों को धर दबोचा

नवभारत न्यूज

**आष्टा 2 फरवरी.** ग्राम कचनारिया जोड़ पर एक्सयूवी और बाइक के बीच हुई मामूली टक्कर से उपजे विवाद में कार सवार बदमाशों ने बाइक चालक पर फायरिंग कर दी. इसके आरोपी मौके से फरार हो गए. सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की. आरोपियों की कार उमरसिंघई गांव में खड़ी मिली. पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया तो तीनों बदमाश बेदाखेड़ी के जंगल में पकड़ा गए. तीनों आरोपी राजस्थान निवासी हैं. इनके पास से 32 बोर की पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं. आरोपियों में से एक कोटा में हुए हत्या के प्रयास वाले प्रकरण में फरार होना बताया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार आष्टा थाना क्षेत्र के सेमनरी रोड निवासी 20 वर्षीय सचिन आ. मोरसिंह नायक अपनी बाइक से आष्टा की ओर जा रहा था. बताया जाता है कि ग्राम कचनारिया के समीप उसकी बाइक को एक एक्सयूवी क्रमांक आरजे 20 यूए 9388 के चालक ने टक्कर मार दी. इस बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस होने लगी. तभी कार में सवार तीन युवकों में से एक ने पिस्टल से सचिन के पैर पर फायर कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश वहां से भाग निकले. घायल युवक को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया गया है. सूचना मिलने पर एसडीओपी प्रवीण चढ़ोकर एवं थाना प्रभारी गिरीश दुबे अस्पताल पहुंचे और घायल युवक से जानकारी हासिल की.

पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी. इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध एक्सयूवी ग्राम उमरसिंघाई में खड़ी है. पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन कार के पास कोई नहीं मिला. ग्रामीणों की मानें तो युवक कार खड़ी कर बेदाखेड़ी के जंगल की तरफ गए थे. पुलिस ने दो टीमों का गठन करते हुए बेदाखेड़ी के जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया. कुछ ही देर में तीनों युवक जंगल में भटकते पुलिस के हत्थे चढ़ गए. पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो एक के पास से 32 बोर पिस्टल, चार जिंदा कारतूस भी मिले. पुलिस उन्हें थाने लेकर आई जहां पूछताछ की जा रही है.



### आरोपियों के रिकार्ड खंगालने में जुटी पुलिस

पुलिस ने फायरिंग करने के तीनों आरोपी शेवी खान उर्फ अमन पिता मकदूम अहमद, उम्र 23 वर्ष, निवासी कोटा, शहनवाज उर्फ सोनू पिता सलीम अहमद, उम्र 28 वर्ष, निवासी कोटा और विक्की पिता मंजूर, उम्र 20 वर्ष, निवासी पाली को गिरफ्तार करते हुए राजस्थान में स्थानीय थानों में तीनों के आपराधिक रिकार्ड तलाशे जा रहे हैं. आरोपी शेवी खान उर्फ अमन पिता मकदूम को कोटा राजस्थान में एक हत्या के प्रयास के मामले में फरार होना बताया जा रहा है. पुलिस द्वारा आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है. वहीं घायल युवक को भोपाल रेफर किया गया है.

# कलेक्टर ने एसडीओ को लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 फरवरी.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई. बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए.



उन्होंने नेशनल हाईवे के लिए किए जा रहे भू-अर्जन कार्यों में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने संबंधित एसडीओ को विलम्ब को लेकर फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि रेलवे एवं नेशनल हाईवे जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं, ऐसे में भू-अर्जन, मुआवजा वितरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मुआवजा राशि का भुगतान और कब्जा लेना सुनिश्चित किया जाए. कलेक्टर बालागुरु के ने भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेताओं को देय राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए योजना के समापन की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं.

### सवर्ण समाज ने ज्ञापन सौंपकर जताई नाराजी

नवभारत न्यूज

सीहोर 2 फरवरी. उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू किए गए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के नवीन नियमों के विरोध में सोमवार को स्वर्ण समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में यूजीसी कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की गई.

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि नए नियमों से समाज में भ्रम, असुरक्षा और वैमनस्य की भावना उत्पन्न हो रही है, जिससे शिक्षा का वातावरण प्रभावित हो रहा है. स्वर्ण समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि यह कानून योग्यता आधारित शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करता है और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डालता है. इस कानून के जरिए सरकार ने छात्रों और शिक्षकों को मानसिक दबाव में डाल दिया है. उन्होंने मांग की कि इस कानून से जुड़ी भ्रांतियों का उच्च स्तर पर समाधान किया जाए, इसकी परिभाषा शिक्षण तक सीमित रहे, सभी वर्गों के छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित हों और शिकायतों की निष्पक्ष जांच के साथ समान दंड का प्रावधान लागू किया जाए. प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यूजीसी कानून को वापस नहीं लिया गया, तो दिल्ली में बड़ा आंदोलन किया जाएगा. प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षण संस्थान राष्ट्र निर्माण की आधार शिला हैं, उन्हें जाति आधारित प्रयोगशाला नहीं बनाया जाए.

### महाजन मित्र मंडली ने किया सम्मान

**सीहोर.** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में महाजन मित्र मंडली ने शिक्षा और खेल जगत से जुड़े प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित किया. बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति में जिन्होंने तु हारा किसी भी प्रकार से सहयोग किया उन्हे हमेशा याद रखना और प्रतिष्ठित पदों पर पहुंच जाओ तो जरूरतमंदों की सदेव मदद करना क्योंकि आपकी मदद उन्हें परेशानियों से बचा लेगी. महाजन ने कहा स्वामी विवेकानंद ने हमें सच्चाई परिश्रम देशप्रेम माता पिता का सम्मान और हमेशा प्रगतिशील बने रहने का संदेश दिया है स्वामी जी के बताए हुए मार्ग पर चलना है और देश को दुनिया में विश्वगुरू बनाना है. भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन और अतिथियों ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय स्तरीय पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले सौ से अधिक युवाओं का सम्मान किया.

धार्मिक | कथास्थल पर आज होगा पांच कन्याओं का सर्वजातीय निशुल्क विवाह

# व्यक्ति को कभी जीवन में अभिमान नहीं करना चाहिए : जगद्गुरु

नवभारत न्यूज

सीहोर 2 फरवरी. नपा के समीपस्थ चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के छठवें दिवस गोवर्धन महोत्सव एवं 56 प्रकार के भोग लगाए गए. मंगलवार को कथा के पहले चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में पांच कन्याओं का सर्व जातीय निशुल्क विवाह उत्सव सुबह दस बजे से बारह बजे तक किया जाएगा. कथा दोपहर बारह बजे से डेढ़ बजे होगी. फिर भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा.

सोमवार को जगद्गुरु पं. अजय पुरोहित ने कहा कि हमें अपने जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए. माखन चोरी हो या गोपिकाओं के चीर हरण की लीला, प्रभु की हर लीला में एक संदेश छिपा है. जो कलियुगी मनुष्य की समझ से परे है. मनुष्य को भी अपने अभिमान से बचना चाहिए. भगवान ने हमेशा यही संदेश दिया कि वह सिर्फ प्रेम के अधीन है. जिस मनुष्य ने प्रेम से उसको पाने की कोशिश की वह हर तरह, हर रूप में उसको पा सकता है. भगवान को रिझाने के लिए बालक की तरह छल कपट रहित बन जाओ और रिझाओ फिर भगवान को पाना बहुत आसान हो जाता है.

पुरोहित ने कहा कि परमात्मा एवं परमात्मा की कथाओं पर कभी संशय नहीं करना चाहिए. वृंदावन वासी प्रत्येक वर्ष इंद्र की पूजा करते हैं परमात्मा श्रीकृष्ण के कहने पर वृंदावन वासियों ने इंद्र की पूजा बंद करके गोवर्धन पहाड़ की पूजा की. यह बात जब इंद्र को पता चली तो इंद्र ने कोप करके प्रलयकारी मेघों को आदेश दिया कि जाकर के ब्रज चौरासी वृंदावन में प्रलयकारी बारिश करो. जिससे सारा वृंदावन बह जाए. वृंदावन वासी परमात्मा श्रीकृष्ण की शरणागति में आए और परमात्मा से प्रार्थना करी कि आपके कहने पर हमने इंद्र का पूजन ना करके गोवर्धन का पूजन किया. जिससे इंद्र कोप करके हमें मार देना चाहता है. इसलिए अब आप ही हमारे प्राणों के रक्षक हैं. जब यह परमात्मा श्रीकृष्ण ने सुना तो परमात्मा ने वृंदावन वासियों से कहा कि आप सब अपने घर की सामग्रियों को ले करके मेरे साथ चलें. वृंदावन वासी परमात्मा के आदेश का पालन करते हुए परमात्मा के साथ चलें और गोवर्धन के पास पहुंच गए.



यहां पर परमात्मा श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठाका अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया और वृंदावन वासियों को प्रलयकारी बारिश से बचाने के लिए पूरे 7 दिनों तक गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा. अंत में इंद्र को अपने अपराध का एहसास हुआ और वह श्रीकृष्ण की शरणागति में आया उसने परमात्मा से क्षमा प्रार्थना की भगवान ने उसको अभयदान दिया.


### नाम परिवर्तन सूचना

मुझ मंशाराम गौर की पुत्री के आधार कार्ड क 765309704209 में त्रुटीवश मेरी पुत्री का नाम कीर्ति गौर (KEERTI GOUR) नाम अंकित हो गया एवं जन्म दिनांक 25/07/2010 नाम अंकित हो गयी है एवं मेरी पुत्री के अन्य दस्तावेज अंक सूची, जन्म प्रमाण मे पूर्ति गौर (PURTI GOUR) पुत्री मंशाराम गौर नाम अंकित है एवं जन्म प्रमाण पत्र में जन्म दि. 01/01/2012 दर्ज है जो कि वास्तविक व सही नाम व जन्म दिनांक है। अत :प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम पूर्ति गौर ( PURTI GOUR) के नाम से जाना व पहचाना जावे व जन्म दि. 01.01.2012 मानी जावे। सर्व साधारण को सूचित होवे।

भवदीय
मंशा राम गौर पुत्र श्री बद्री प्रसाद गोर आयु 43वर्ष निवासी ग्राम जाजनखेड़ी पोस्ट खजूरिया कलां तह. श्यामपुर जिला सीहोर पिन 466651 मोबाइल नंबर 9926875936